इसके बाद शुभ आचमन क्रिया कहता हूं। बायें हाथकी कनिष्ठाङ्गुलिके मूलमें कायतीर्थ उक्त हुआ है, अंगूठेके मूलमें प्राजापत्य तीर्थ कथित हुआ है। सब उंगलियोंके अग्रभागमें दैवतीर्थ और तर्ज्जनीके मूलदेशमें पित्र्य तीर्थ उक्त हुआ है। प्राजापत्य तीर्थ द्वारा द्विजगण तीन बार जलपान करें, बाद किञ्चिद्वक्र अंगूठेके मूल द्वारा मुंखमार्ज्जनकर जलयुक्त (यथायथ उंगली द्वारा) चक्षुः प्रभृति इन्द्रिय-च्छिद्र स्पर्श करें। ब्राह्मणगण, हृदयतक आर्द्र हो इसप्रकार जलपानपूर्व्वक आचमन करनेसे शुद्ध होंगे; कण्ठगत जल पान द्वारा क्षत्रियगण शुद्ध होंगे; तालुगत जल पान द्वारा वैश्यगण शुद्ध होंगे; शूद्रजाति और स्त्रियां दांत और होंठ स्पर्श करने लायक जल द्वारा आचमनकर शुद्ध होंगी। शुचि स्थानमें बैठकर समाहितचित्तसे पूर्व्व-मुख हो जानुओंके भीतरमें हाथ रख या उत्तरमुख हो पवित्र भावसे किसी ओर न देखकर फेन या बुद्बुदशून्य जलपानकर उंगलियों द्वारा आचमन करें। तर्ज्जनी और अंगूठे द्वारा नाक स्पर्श करें; अंगूठे और अनामिका द्वारा आंखें और दोनो कान स्पर्श करें। हम लोगोंने सुना है, कि आचमनके समय तीन बार जो जलपान किया जाता है, उससे द्वारा ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र प्रभृति देवगण प्रसन्न होते हैं। मुखमार्ज्जन द्वारा गङ्गा और यमुना प्रसन्न होती हैं; नाकके दोनो छेद स्पर्श करनेसे अश्विनीकुमारद्वय प्रसन्न होते हैं। दोनो आंखें स्पर्श करनेसे चन्द्र और सूर्य्य प्रसन्न होते हैं, दोनो कान स्पर्श करनेसे वायु और अग्नि दोनो प्रसन्न होते हैं। दोनो कन्धे स्पर्श करनेसे सब देवता प्रसन्न होते हैं। मस्तक स्पर्श करनेसे आत्मा प्रसन्न होती है। यज्ञोपवीत धारण न कर शिखा बन्धन त्यागकर पैर न धोकर आचमन क्रिया किये शुद्ध नहीं होंगे। जानुओंके बाहर हाथ रख हस्तार्पित जल द्वारा और मलयुक्त जल द्वारा आचमन करनेसे शुद्ध नहीं होंगे। आचमनके बाद तीर्थ-सम्मार्ज्जन करना चाहिये, बाद 'अन्तश्चरसि' इस मन्त्र द्वारा आचमनकर सूर्य्याभिमुख हो गायत्री द्वारा जलाञ्जलि प्रदानकर 'उदुत्य' इत्यादि मन्त्रपाठ करें। द्विजगणको सन्ध्या उपासनाका यह नियम समझना चाहिये। प्रातःसन्ध्याके समय खड़े होकर और सायंसन्ध्याके समय

है। सुवर्णस्तेयी, कृतघ्न, ब्रह्महत्याकारी, विमातृगमनशील और मद्यपायी आदि पापी उसी समय एक लाख गायत्रीका जप करनेसे शुद्ध होंगी। स्नानके समय समाहित हो प्राणायामत्रय करनेसे दिन रातमें की हुई पापराशिसे उसी क्षण मुक्ति मिलती है; एक मासतक प्रणव और व्याहृतियुक्त गायत्रीप्राण वाम रोज सोलह बार करनेसे भ्रूणहत्याका पाप दूर होता है। गायत्री द्वारा विविध रूपसे होम करनेसे सभी अभिलाषायें पूर्ण होती हैं; वानप्रस्थ-अवस्थामें भक्तप्रिया गायत्री देवी सब पाप क्षय करती हैं; शान्ति-अभिलाषी व्यक्ति पवित्र हो गायत्री द्वारा अयुत संख्यक होम करें। अमृत्यु चाहनेवाले व्यक्ति गायत्री द्वारा घृत होम करें, सम्पत्ति चाहनेवाले मनुष्य गायत्री द्वारा पद्मपुष्प होम करें, काञ्चन मिलनेकी इच्छा करनेवाले आदमी गायत्री द्वारा बिल्व होम करें। ब्रह्मवर्चसप्राप्तिके इच्छुक व्यक्ति पूर्वोक्त प्रकारसे सुसमाहित हो घृतयुक्त तिल द्वारा होम करें। गायत्री द्वारा अयुतसंख्यक होम करनेसे सब पापोंसे मुक्त होते हैं। पापात्मा आदमी एक लक्षतक गायत्री द्वारा होम करनेसे सब पापोंसे मुक्त हो ब्रह्मलोक प्राप्त होते, अथवा उनकी सब इच्छायें पूर्ण होती हैं। गायत्री जननीस्वरूपा और सब पापविनाश करनेवाली हैं। गायत्रीकी अपेक्षा स्वर्गमें और मर्त्त्यलोकमें उत्कृष्ट पवित्रकारक और कुछ नहीं; नरकार्णवमें पतित लोगोंको गायत्रीदेवी हस्तावलम्बनपूर्व्वक उद्धार करती हैं। इसलिये ब्राह्मणगण नियमी और पवित्र हो प्रति दिन गायत्रीकी उपासना करें; देव और पितृकार्य्यमें गायत्री जपनेवाले ब्राह्मणोंको नियुक्त करना चाहिये, जिस तरह सूर्य्यदेवसे जलराशि सूख जाती है, उसी तरह गायत्री जपनेवाले आदमीके पाप पास नहीं रहता। इसमें सन्देह नहीं, कि ब्राह्मणगण गायत्री-जप द्वारा ही सिद्ध होते हैं। गायत्री जपनेवाले ब्राह्मण अन्य काम करें या न करें, किन्तु उन्हें ब्राह्मण शब्दका प्रतिपाद्य समझना चाहिये। उपांशु जप शतगुण फलदाता और मानस-जप सहस्रगुण फलदाता है; विशेषतः सावित्री-जप ऊंचे आवाजसे करना नहीं चाहिये। सावित्री जपनेवाले आदमी स्वर्गलाभ करते हैं और मोक्षप्राप्तिका उपाय जान सकते हैं। गायत्री-जपके फलकी इयत्ता नहीं, इसलिये सब यत्नसे स्नान और पवित्रचित्त हो भक्तिपूर्वक सब पापोंका विनाश करनेवाली गायत्रीका जप करें। १-१८।

एकादश अध्याय समाप्त॥ ११ ॥

द्वादश अध्याय।

स्नानके बाद गायत्रीका जपकर पूर्व्वमुख हो दिव्य तीर्थ द्वारा अर्घ्य प्रदानकर

देवगणका तर्पण करें। तीन पुरुषसूक्त-मन्त्र द्वारा भक्तिसे अर्घ्य और पुष्पाञ्जलि समर्पण करना चाहिये, बाद विष्णु-पशुसूक्त हो दक्षिणामुख हो जांघोंके बीचमें हाथ रख पितृतीर्थ द्वारा आत्मीय रीतिके अनुसार पितृगणके उद्देश्यसे अर्घ्य निक्षेप करें। पिता, पितामह, प्रपितामह, मातामह प्रभृति तीन पुरुष और माता प्रभृति तीन जनको तीन तीन अर्घ्य प्रदानकर मातामहो प्रभृति तीन जनोंको एक एक अञ्जलि प्रदान करें। इसके बाद पितृपक्ष और मातृपक्षके जो नाम मालूम हों, उन्हें और गुरुगण, आत्मीय, बान्धव और सुहृद्गणका तर्पण करना चाहिये। बिना चांदीके पात्र, सुवर्णपात्र, ताम्रपात्र, तिल, दर्भ और मन्त्रके तर्पण करनेसे वह पितृगणका तृप्तिजनक नहीं होता। सुवर्णपात्र, रौप्यपात्र, खड्गपात्र, औदुम्बरकाष्ठनिर्मितपात्र आदि द्वारा पितृगणके उद्देश्यसे तिलयुक्त जल प्रदान करनेसे, वह अक्षय फलजनक होगा। अन्न प्रभृति द्रव्य किंवा जल, दूध, मूल और फल द्वारा प्रति दिन पितृगणको प्रसन्न करनेके लिये श्राद्ध करना चाहिये। स्नानके बाद तिलयुक्त जल द्वारा पितृगणका तर्पण करनेसे, पितृयज्ञका फल प्राप्त होता है और तर्पण द्वारा पितृगण प्रसन्न होते हैं। १-४।

द्वादश अध्याय समाप्त ॥ १२ ॥

त्रयोदश अध्याय।

धर्मज्ञ व्यक्ति दैवकार्यके विषयमें ब्राह्मणोंकी परीक्षा न करें, पितृकार्य उपस्थित होनेसे सूक्ष्ममार्ग द्वारा परीक्षा करें, यानी वह परीक्षाकर देखें, कि वह मन्त्र जानते हैं, कि नहीं। जो ब्राह्मण दुष्कर्मशील और जो ब्राह्मण बिल्ली-व्रती यानी बिल्ली जैसे निस्तब्ध रहकर हिंसाकी चेष्टा करते हैं और जो ब्राह्मण शठ, खोखला या अतिरिक्ताङ्ग हैं, उन्हें पंक्तिदूषक समझना चाहिये। जो ब्राह्मण गुरुका विरुद्धाचरण करते हैं, जो ब्राह्मण अग्निका त्याग करते हैं और जो गुरुहत्याकारी हैं, उन्हें भी पंक्तिदूषक समझना चाहिये। जो सब ब्राह्मण अनाध्यायके दिन अध्ययनशील और जो शौचाचारशून्य तथा शूद्रके दिये अन्नरससे वर्द्धित हैं, उन्हें भी पंक्तिदूषक समझना चाहिये। जो सब ब्राह्मण षडाङ्गके साथ वेद अध्ययन करते हैं, जो ऋग्वेद जाननेवाले, सामवेद जाननेवाले, जो त्रिणाचिकेत तथा पञ्चाग्नियुक्त हैं, उन्हें पंक्तिपवित्र करनेवाले समझना चाहिये। ब्राह्मविवाहमें विवाहिता पत्निके सन्तान, उस विवाहके कन्यादाता और कन्याके पति, वह सब भी पंक्तिपावन ब्राह्मण हैं। जिन ब्राह्मणोंने ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेदको सोमातक अध्ययन किया है और जिन्होंने अथर्ववेद अध्ययन किया है, वह

भी पंक्तिपावन हैं। जो ब्राह्मण रोज योगाभ्यास करते हैं, लोष्ट्र, अश्म और काञ्चनमें समज्ञानी ध्यानपरायण, पण्डित, नियमी, ज्ञानी आदि हैं, वह भी पंक्ति-पावन हैं। दैवपक्षमें पूर्व्वमुख हो विविध शोभितरूपसे ब्राह्मण और पितृपक्षमें उत्तरमुख तीन ब्राम्हणों को भोजन कराना चाहिये। असमर्थ होने से दैवपक्ष और पितृपक्ष दोनोंमें ही एक एक ब्राह्मणको भोजन करावें। अत्यन्त असमर्थ होनेसे दैव और पितृ दोनो पक्ष मिलाकर एक ब्राह्मण भोजन करावें। यथाविहित देयमें अन्नादि निवेदनकर, अन्तमें वह सब द्रव्य अग्निमें निक्षेप करें। १-१०। उच्छिष्टपात्रान्नके पास पिण्डदान करें, शीघ्रता और क्रोध त्यागकर श्राद्ध करना चाहिये, उष्ण अन्न द्विजातियोंको श्रद्धा-पूर्व्वक दान करें। गन्ध, माल्य और अनुलेपन द्रव्य द्वारा विधिशोभितरूपसे सत्कारकर भोजन करावें। पंक्तिच ब्राह्मण अपने घरमें उग्रगन्ध और निर्गन्ध, चैत्यवृक्षजात फूल और पर्व्वतजात फूल श्राद्धमें परित्याग करें, जलभूत लाल फूल भी दान करें। नये सेवलांमके सूत, रूईका सूत दान करें, विद्वान् व्यक्ति अना-हूत-वस्त्र-अभूत द्या परित्याग करें, घृत अथवा तिलके तेल द्वारा दीपदान करें। धूपके लिये घृत और मधुयुक्त गुग्गुल दान करें, कुङ्कुमयुक्तकर चन्दन भी दें। छत्राक, मांस, स्रुप, कुष्माण्ड, अलाबु, वर्त्ता-कु और कोविदार दान न करें। पिप्पली, मिर्च गोलकार मूलद्रव्य, बनावटी नमक और वण परित्याग करें। राजमाष, मसूर, कोद्रूषक, अवतृणकी निर्य्यास श्राद्धके काममें त्याग करें। आम्रातक, लवली, मूलक, द्रक्षा, दाडिम्ब, कन्दराज, मधु, सत्तू और चीनी—यह सब द्रव्य श्राद्धकार्य्यमें यत्नके साथ प्रदान करें। उक्त पायसादि द्वारा द्विजगणको भोजन करा, आचमनके बाद दक्षिणा दें, भक्तिपूर्व्वक प्रणाम और अभिवादनकर हृष्टचित्तसे पीछे पीछे जाकर विसर्ज्जन करना चाहिये। जो ब्राह्मण निमन्त्रित हो, श्राद्धान्न भोजन, श्राद्धकर स्त्रीसंसर्ग करते हैं, वह ब्राह्मण महापाप द्वारा लिप्त होते हैं। धर्म्मशास्त्रज्ञ यमने कहा है, कि कालशाक, महाशल्क मत्स्य, पक्षिविशेषका मांस, खड्ग-मांस आदि श्राद्ध-में देनेसे अनन्त फलजनक होंगे। १०-२५।

त्रयोदश अध्याय समाप्त॥ १३॥

चतुर्द्दश अध्याय।

गयाक्षेत्रमें, प्रभासतीर्थमें, पुष्करमें, प्रयागमें, नैमिषारण्यमें, गङ्गाके तीरमें, यमुनाके तीरमें, अमरकण्टकतीर्थमें, नर्म्मदातीर्थमें, गयातीर्थमें, वाराणसीधाममें, कुरुक्षेत्रमें, भृगुतुङ्गमें, महापथमें, सप्तार-ण्यमें और पश्चिकूपमें जो दान करेंगे, वह

अनन्त फलजनक होगा। म्लेच्छ देशमें, रात्रिके समय और दोनो सन्ध्याओंको बुद्धिमान् व्यक्ति श्राद्ध न करें ; म्लेच्छ देशमें गमन न करें। गजच्छायायोगसे सूर्य्य और चन्द्रग्रहणके समय, महाविषुव-संक्रान्ति और जलविषुव संक्रान्तिके दिन किये हुए काम अनन्त फलजनक होंगे। भाद्रोकी पूर्णिमा अतीत होनेपर मघानक्षत्रयुक्त जो त्रयोदशी तिथि आती है, उसमें प्राज्ञ व्यक्ति मधु और मांस द्वारा श्राद्ध करें। पितृगण पुत्रकृत श्राद्ध पाकर मनुष्यगणको पुत्र, वृद्धि, स्वर्ग आरोग्य और सर्व्वदा आनन्द प्रदान करते हैं। १७।

चतुर्द्दश अध्याय समाप्त ॥ १४ ॥

पञ्चदश अध्याय।

जो ब्राह्मण अग्निक और वेदाध्ययननिरत हैं, वह सपिण्डजातिके जनन और मरण अशौच भोगके त्रिरात्र अशौच भोगकर शुद्ध होंगे। सप्त पुरुषतक ज्ञातियोंमें परस्पर सपिण्डता रहती है, सपिण्ड ज्ञातिके जनन और मरणसे ब्राह्मण दस दिनोंतक अशौच भोगकर शुद्ध होंगे ; क्षत्रिय बारह दिन, वैश्य पन्द्रह दिन और शूद्र एक मासतक अशौच भोगकर शुद्ध होंगे। जिस जातिका जो अशौचकाल उक्त हुआ, उसके बीचमें शुद्ध नहीं होंगे। गर्भस्राव होनेसे, जिस मासमें गर्भस्राव होगा, उस समयसे एक मासतक सूतिका अशौच भोगकर शुद्धि होगी, गर्भस्रावसे स्त्रीको अशौच नहीं होता ; अजातदन्त बालककी मृत्यु होनेसे सद्यःशौच समझना चाहिये यानी स्नान करनेसे शुद्ध होंगी। चूड़ा न हुए, बालककी मृत्यु होनेसे यानी दो वर्षमें मृत्यु होनेसे एक दिनतक अशौच समझना चाहिये। अनुपनीत यानी छः वर्ष तीन मासको उमरके भीतर बालककी मृत्यु होनेसे त्रिरात्र अशौच होगा। असंस्कारित कन्याकी मृत्यु होनेसे पितृकुलमें पितृसपिण्डको त्रिरात्र अशौच होगा और असंस्कृत शूद्रकी मृत्यु होनेसे सपिण्डवर्गको त्रिरात्र अशौच होगा। सोलह वर्षके बाद शूद्र जातिका विवाह न होनेपर भी मृत्यु होनेसे सपिण्डवर्गको एक मास अशौच समझना चाहिये, इस विषयमें चिन्ता करनेकी जरूरत नहीं। जो कन्या विवाहके पहले पितृगृहमें ऋतुमती होती है, उसकी मृत्यु होनेसे, उसके-मरण शौचकी कभी शान्ति नहीं होगी यानी अविवाहित कन्याका रजोदर्शन अत्यन्त निषिद्ध समझना चाहिये। यद्यपि कोई उत्तमवर्णा स्त्री किसी हीनवर्णा द्वारा गर्भोत्पादन करा सन्तान प्रसव करती है, तो उसका उस सन्तानके जनन और मरणका अशौच कभी निवृत्त नहीं होता यानी हीनवर्णा द्वारा उत्तमवर्णाका सन्तानोत्पादन अत्यन्त निषिद्ध है। १-८। बराबर हो

षोड़श अध्याय।

सब मट्टीके बरतनोंके अशुचि होनेसे उनमें फिर पाक करनेसे शुद्ध होंगी। मल, मूत्र, विष्ठा, थूक, पीप और रक्त आदि द्वारा संसृष्ट होनेसे फिर पाक द्वारा शुद्ध नहीं होंगी। उसमें मट्टीका पात्र त्याग करना होगा। मलमूत्रादि द्वारा यदि तांबे, सोने वा चाँदीका पात्र स्पृष्ट हो, तो फिर गढ़नेसे शुद्ध होंगी। सिवा मलमूत्रादिके और किसी अन्य प्रकारके अस्पृश्यसे स्पृष्ट होनेसे जल द्वारा धोने हीसे शुद्ध होंगी। तांबेका पात्र, सीसेका पात्र और रंगा हुआ पात्र अशुचिस्पृष्ट होनेसे अम्लरस संयुक्त जल द्वारा शुद्ध होगा। काँसे और लोहेके पात्र अशुचि होनेसे क्षारसे धोनेसे शुद्ध होंगी। मोती, मणि और मूंगे आदि अशुचि होनेसे धोनेसे ही शुद्ध होंगी। शङ्खके पात्र, पत्थरके पात्र, शाक, मूल, फल और विदलसमूह अशुचि होनेसे धोनेसे शुद्ध होंगी। यज्ञीय पात्रोंके अशुचि होनेसे यज्ञकार्य्यके समय मल लेनेसे शुद्ध होंगी। चीय द्वारा स्पृष्ट होनेसे, गर्म जलसे धो डालनेसे शुद्ध होंगी। शय्या, आसन और काटका घट आदि अशुचि होनेसे सूर्य्यके किरण द्वारा शुद्ध होंगी, यज्ञकाष्ठ पोक्षण द्वारा शुद्ध होंगी। मार्ज्जन द्वारा घरकी शुद्धि होगी, अन्यरूपसे मार्ज्जन द्वारा क्षितिकी शुद्धि होगी। जल द्वारा वस्त्र शुद्ध होंगी। प्रोक्षण द्वारा राशिकृत धान्योंकी शुद्धि निर्द्दिष्ट हुई है और एकत्र राशिकृत द्रव्य प्रोक्षण द्वारा शुद्ध होंगी। तक्षण द्वारा काष्ठ शुद्ध होंगी। सफेद सरसोंकी शुद्धि कम्पन यानी झाड़नेसे होगी, शृङ्गमय और दन्तमय द्रव्य गोपुच्छ द्वारा शुद्ध होगी, फल द्वारा निर्म्मित पात्र शृङ्गविशिष्ट जन्तुओंके हाड़, कच आदि निर्य्यासमूह, गन्नेका गुड़, लवण, कुसुम्भके फूल, मेषादिके लोम और रूई आदि चीजें प्रोक्षण करनेसे शुद्ध होंगी। यह शुद्धि यम ऋषि द्वारा कथित हुई है। दुष्टवर्ण, दुष्टगन्ध और दुष्टरस वर्ज्जित जल शुद्ध समझना चाहिये। दुष्टवर्णादियुक्त जल अशुचि समझना चाहिये। नदीका जल सर्व्वदा शुद्ध और तृप्तिजनक समझना चाहिये; बेचनेके लिये रखी ढेरकी ढेर चीजें शुद्ध समझें। अश्व प्रभृति जन्तुओंके मुख शुद्ध, गायके सिवा मुखके और सब अङ्ग शुद्ध हैं। आश्रम यानी घरमें स्त्रीको शुद्ध समझना चाहिये। शय्या, भार्य्या, पुत्र और कन्या, वस्त्र, यज्ञोपवीत और कमण्डलु, यह सब स्वकीय शुचि और दूसरेका अशुचि समझना चाहिये। रात्रिके समय भार्य्याका मुंह शुचि, ऋतुपर पक्षियोंका मुंह शुचि, दूध दूहनेके समय गोवत्सका मुंह शुचि और मृगयामें कुक्कुरका मुंह शुचि समझना चाहिये। १-१५। रजस्वला नारीको चौथे दिन स्नान करनेके बाद

स्वामीके पास और देव और पितृकार्य्यमें पांचवें दिनसे शुचि समझना चाहिये। माहवारीके कीचड़के जल और दूब आदि द्वारा मक्खियां जहां कहीं स्पृष्ट होनेसे, तुरन्त स्नानकर शुद्ध होंगे। मूत्र या पुरीष त्यागकर लेप और गन्ध नष्ट होने तलक मट्टी और जल लेकर गुह्य स्थल और पैर धोवें। पेशाबके बाद लिङ्ग-स्थानमें दो बार और हाथमें सातबार मट्टी लगावें। विष्ठा त्याग करनेके बाद बांयें हाथमें दस बार और दोनो हाथोंमें चौदह बार मट्टी लगावें। नख शोधनकर हाथमें तीन बार मट्टी लगावें. शौचकामी व्यक्ति पैरोंमें सर्व्वदा तीन बार मट्टी लगावें। यह कथित शौच गृहस्थकी लिये है; ब्रह्मचारीके इससे दुगने समझना चाहिये; इससे दुगने यानी चौगुने वानप्रस्थगणके जानें और यतिगणके लिये इससे दुगने जानें। जिसके द्वारा विपर्य्य पूर्ण हो, उतनी मट्टी द्वारा शौच कार्य्य करें। १-२३।

षोड़श अध्याय समाप्त॥ १६॥

सप्तदश अध्याय।

वनमें पर्णकुटी बना जटा धारणकर त्रिकालीन स्नान करते हुए पत्र मूल और फलका भोजन करना और अपना दुष्कर्म्म लोगोंसे प्रकट करते हुए भिक्षाके लिये ग्राममें घुसना चाहिये। इस प्रकार नियमका अवलम्बनकर सब काइसे बारह वर्ष बीतनेपर सुवर्णस्तेयी, सुरापायी, ब्रह्महत्याकारी, विमातृगमनशील और दूसरे अन्यान्य महापाप करनेवाले भी इस व्रत द्वारा शुद्ध होंगे। यज्ञमें दीक्षित क्षत्रिय और ... वैश्यका हत्याकर और आत्रेयीको दूषितकर इसी प्रकार उक्त व्रत करें। कूटसाक्ष्य प्रदानकर गच्छित द्रव्य हरणकर और शरणागत मनुष्यकी हत्याकर ऐसा ही व्रत करना चाहिये। आहिताग्नि स्त्री-हत्या करने और मित्र-हत्या करनेसे या अनजानमें गर्भहत्या करनेसे ऐसा ही व्रत करना चाहिये। व्रत करनेवाले द्विजगणको हत्याकर उक्त व्रतका दूना करनेपर शुद्ध होंगे। स्वधर्म्महीन क्षत्रियको हत्याकर एक पादहीन उक्त व्रत करना, स्वधर्म्मविहीन वैश्यको हत्याकर उक्त व्रतका अर्द्धभाग करना और स्त्रीवधकर मनुष्य उक्त व्रतका आधा करें। शूद्रको हत्याकर और ऋतुमती स्त्रीगमनकर उक्त व्रतका एकपाद व्रत करना चाहिये। गोवध करने और परदार गमन करनेसे उक्त व्रतका एक पाद करना चाहिये। विचक्षण मनुष्य ग्राम्य पशुसमूहको हत्याकर एक महीने-तक उक्त व्रत करें। अरण्यचर पशुको हत्याकर पन्द्रह दिनों तक पूर्व्वोक्त व्रत करें। १—१०। ब्राह्मणकी पक्षी और जलचर विशेषय (सर्पको) हत्या-

आठ सात राततक उक्त व्रत करना चाहिये। अस्थिशून्य सौ जन्तुकी हत्या करनेसे, या एक हजार अस्थियुक्त जीवकी हत्या करनेसे एक वर्षतक ब्रह्महत्याव्रत करना पड़ेगा। जिन जिन वर्णोंका वृत्तिच्छेद किया जाय, उन उन वर्णोंकी हत्याओंका प्रायश्चित्त करना पड़ेगा। अज्ञानवश ब्राह्मण, क्षत्रिय-वैश्य और शूद्र इन चतुर्व्वर्णोंमें यदि किसी वर्णकी भूमि हरण करे, तो ब्राह्मणकी अनुमति से प्रायश्चित्त करना पड़ेगा। जो मनुष्य गो, बकरी और अश्व हरण करे सोना या चोना हरण करे, या कूप अपहरण करे, उसे एक वर्षतक व्रत करना पड़ेगा। तिल, धान्य, वस्त्र, खड्ग, प्रभृति और मकड़ी प्रभृति आमिष हरण करनेसे सात्त्विकचित्त हो कर महीनेतक यह व्रत करना चाहिये। तृण, काष्ठ, तक्र, दुग्ध प्रभृति रस, हाथी आदि दांत और छत्र अपहरण करनेसे एक महीनेतक व्रत करना चाहिये। नमक, गुड़, मूल, द्रव्य और पुष्प हरण करनेसे समाहित हो आधे महीनेतक उक्त व्रत करना चाहिये। लोहा, पीतल, कांसा आदि सूत और चमड़ा अपहरण करनेसे समाहितचित्त हो एक महीनेतक उक्त व्रत करना चाहिये। प्याज, लहसुन, मद्य, कवक, मनुष्यको विष्ठा प्रभृति मल, मनुष्यका मांस, ग्राम्यशूकर, गर्द्दभ, गोधिका, हाथी, ऊंट, कुक्कुट प्रभृति सब पांच नखवाले जन्तु और मांसभुक बाघ प्रभृति जन्तु और ग्रामचर मुर्गे, यह सब भक्षण करनेसे एक महीनेतक उक्त व्रत करना चाहिये। स्वर्णगोधिका, कच्छप, शल्लकी, गड़ई मछली, खरगोश, यह पांच प्रकारके पञ्चनख जन्तु भक्षण किये जा सकते हैं; किन्तु इन जन्तुओंकी हत्या करनेसे प्रायश्चित्त करना चाहिये। हंस, मद्गुरक, काक, काकोल, खञ्जन मत्स्यभुक् मछली, बलाका, (बगुला श्रेणी), शुक, सारिका, चक्रवाक, प्लव और कोक, यह सब पक्षी और मेढक और सर्प, इनका मांस खानेसे एक महीनेतक उक्त व्रत करना चाहिये। इस विषयमें विचार करना न चाहिये। राजीव, सिंहतुण्ड और शकुल इन सबको हत्या करके पूर्वोक्त व्रत करना चाहिये। मछलियोंमें पाठीन मछली और रोहित मछली, यह दो जातीय भक्षणीय बताई गई हैं। जलचर या जलजात सुखपाद, सुविष्किर, रक्तपाद और जलपाद, इनकी हत्या करनेसे सात दिन व्रत करना पड़ेगा। यम ऋषि कहते हैं, कि तीतर, मोर, लवा, कबूतर, वार्द्धीणस और वंशख यह कई एक पक्षी भक्षणीय हैं। दो दांतवाले जन्तु भक्षणकर एक महीने व्रत करना चाहिये, एकशफ या एकहस्त जन्तु भक्षण करनेसे आधे महीने व्रत करना चाहिये। ११—२८। स्वयं मरे हुए का वृथामांस, महिषमांस, घोड़ेका मांस मृतवत्सा गो और मैंसका दूध, सन्धिनी

गौका अपवित्र दूध पी एक पक्षतक व्रत करना चाहिये। जिन सब जन्तुओंका दूध पीनेका नहीं, उस दूधसे बने सब द्रव्योंका भक्षणकर सात रात व्रत करना चाहिये। लोहितवर्ण वृक्षका रस, व्रणके कारणीभूत जो द्रव्य हों, सिर्फ अन्न, परोसा हुआ अन्न, गुड़में पका द्रव्य भोजनकर तीन रात व्रत करना चाहिये। स्त्रियां इसीसे युक्त वस्तु, दासवस्त्र व रस गुड़युक्त निन्दनीय अन्न, वस्त्र-लोहमल वस्तु, पतोल्कार, शाकवाह, कुल्य और भैक्ष्यके अतिरिक्त सब पर्य्युषित द्रव्य पक्व, सजीव मांस इन सबको यत्नपूर्व्वक त्यागना चाहिये। जान-बूझकर खानेसे संवत्सरतक व्रत करना पड़ेगा। शूद्रका अन्न, यज्ञभूमिमें आरोपी नटका अन्न, कारागारमें आबद्ध चोरका अन्न, अवीरा स्त्रीका अन्न, आरोगरका अन्न, वेण जातिका अन्न, कीट जातिका अन्न, पतितका अन्न, सुनारका अन्न, सूत्रधारका अन्न, वार्द्धुषिकका अन्न, नृशंसका अन्न, वेश्याका अन्न, धूर्त्तका अन्न, दलबलका अन्न, भूमिपालका अन्न, अस्त्रजीवीका अन्न, धोनकका अन्न और सूतिकाका अन्न भोजन करनेसे ब्राह्मणको एक महीना व्रत करना चाहिये। सदा शूद्र जातिका अन्न भोजनकर ब्राह्मण छः महीने व्रत करें। वेश्या और अपरिचित स्त्रियोंका अन्न भोजन करनेसे एक महीना व्रत (त्रैमासिक व्रत जैसा व्रत) करना चाहिये। क्षत्रियान्न भोजनसे दो महीने और अपरिचित ब्राह्मणका अन्न भोजन करनेसे एक महीने व्रत करना होगा। मद्यके पात्रमें रखा जल पीनेसे एक पक्ष व्रत करना चाहिये। शूद्रका उच्छिष्ट भोजन करनेसे एक महीना व्रत करना चाहिये। वैश्यका उच्छिष्ट भोजन करनेसे एक पक्ष व्रत करना चाहिये। क्षत्रियका उच्छिष्ट भोजन करनेसे सात दिन व्रत करना और ब्राह्मणका उच्छिष्ट भोजन करनेसे एक दिन व्रत करना चाहिये। अश्रद्धासे दिये द्रव्यका भोजनकर विद्वान् मनुष्य एक महीने व्रत करें। परिवेत्ता, परिवित्ति और जिस कन्याका विवाहकर परिवेत्ता होना पड़ता है, उस कन्या परिवेत्ताको जो मनुष्य कन्या दान करे, परिवेत्ताको कन्या दान करनेमें मन्त्रवक्ता पुरोहित, यह पांचो ही एक वर्षतक व्रत करें। कुक्कुरका जूठा खानेसे एक महीना व्रत करना चाहिये। बाल और कीड़े आदि द्वारा दूषित अन्न या चूहे, न्योले, मक्खी और मच्छर द्वारा दूषित अन्नका भोजन करनेसे त्रिरात्र व्रत करना चाहिये। २९—४६। तथा ऊपर वालो अपना उदर भरनेके लिये पक्व लड्डू, संयाव (वाइ) पायस, पिष्टक और मल्कुली भोजन करनेसे समाहितचित्त हो तीन राततक उक्त व्रत करना चाहिये। नील-वृष द्वारा क्षतप्राप्त, कुत्तेके काटे या अपनी स्त्रीके काटनेसे घाव होनेपर विप्र तीन

रात व्रत करे। आगमें पैर सेंकनेसे और बुरी चीज फेंकनेसे कुएसे चरण मार्जनकर एक दिन व्रत करे। पीठ दिखाकर या प्राणरक्षाके लिये पराङ्मुख शत्रुको मारकर क्षत्रिय एक वर्ष तक व्रत करे। पीपलका वृक्ष काटनेसे एक वर्ष व्रत करना चाहिये। दिनमें मैथुन, दुष्ट जलमें स्नान और नग्ना परस्त्रीको देखनेसे एक दिन व्रत करना चाहिये। अग्निमें या जलमें अशुचि द्रव्य डालने या बड़ोंपर क्रोध करनेसे एक महीना व्रत करना चाहिये। ब्राह्मण विशेषकरके अतिथि को जल पीने या बायें हाथसे जल पीनेपर त्रिरात्र व्रत करे। एक पंक्तिमें बैठे ब्राह्मणोंको जो मनुष्य न्यूनाधिकभावसे परोसता है, उसे एकपक्षतक ब्रह्महत्याका व्रत करना चाहिये। वणिक्‌गण तराजूपर कम या अधिक तौलनेसे या चाहे कोई मनुष्य सुरापात्र या लवणपात्रमें दूध पिये, उसे वह व्रत करना चाहिये। हाथसे जल पीने या तिल बेचनेसे भी व्रत करना चाहिये। ब्राह्मणपर अपमानसूचक हुङ्कार करने या बड़ोंके प्रति 'तुम' शब्दका प्रयोग करनेसे मनुष्य पवित्र और सुसमाहित भावसे एक दिन व्रत करे। मृत मनुष्यका पिण्डदान करनेके बाद उत्तराधिकारी उसके धनका अधिकारी होगा। जिस वर्णोंके लिये जो व्रत कहा गया है, पवित्रभावसे उसे वही व्रत करना चाहिये। पाप करके उसे छिपाना न चाहिये, छिपानेसे पाप बढ़ता है। विचक्षण मनुष्य पापकर्मानुसार प्रायश्चित्त करे। ब्राह्मण ब्रह्मचर्य-व्रत ग्रहण करनेसे जो दिनरातमें परिपूर्ण स्थानमें रहे या और किसी प्राणसंशय स्थानमें रह व्रत न करे। वह आनेपर कष्टसाध्य व्रत और दान द्वारा सब पाप विनष्ट होते हैं, शरीर ही धर्मका मूल है, उसको यत्नपूर्वक रक्षा करना चाहिये। पर्वतसे उसको तरह शरीरपातसे धर्म पतित होता है। सब शास्त्रको आलोचनाकर ब्राह्मणोंसे ऐक्यमत हो द्विज प्रायश्चित्तकी व्यवस्था करे। इच्छापूर्वक कभी न करे। ४७—६२।

सप्तदश अध्याय समाप्त ॥ १७ ॥

— —

अष्टादश अध्याय।

प्रति दिन तीनबार स्नानकर अघमर्षण करना चाहिये। सन्ध्या समय नदीमें स्नान करना चाहिये। तीन बार भोजन करना न चाहिये। सदा नीरोगतामें रहे। पर्वदिनमें गो दान करे, इसीका नाम अघमर्षण है; इससे सब पाप नष्ट होते हैं। प्राजापत्य व्रत करनेके लिये, तीन दिन नक्त भोजन, तीन दिन अयाचित भोजन और तीन दिन उपवास करना पड़ेगा। तीन दिन उष्ण जल पीना, तीन दिन उष्ण घृत पीना, तीन दिन उष्ण दूध पीना और

तीन दिन वायु-भक्षण—इस व्रतका नाम तप्तकृच्छ्र है। बारह दिनका उपवास पराकव्रत है। विधिपूर्वक जल-मिश्र सत्तू एक महीनेतक यवके साथ भोजन करनेका नाम वारुणकृच्छ्र है। एक महीनेतक बिल्व, आमलक और शुद्ध कपित्थ भोजन करना—जगतमें अतिकृच्छ्रके नामसे विदित है। गोमूत्र, गोमय, क्षीर, दही, गव्य, घृत और कुशजल पीकर उसके दूसरे दिन उपवास करना—इसका नाम सान्तपन व्रत है। इन सब प्रत्येक कामोंको तीन बार करनेसे महासान्तपन होता है। एक पक्षतक एक दिन उपवास और एक दिन सत्तू खानेका नाम तुलापुरुष व्रत है। नित्य-गोमयाहारी हो समाहितमन वसे एक महीने सब पाप विनष्ट होते हैं। चन्द्रकलाको वृद्धिके साथ ग्रासवृद्धि करना और चन्द्रकलाके घटनेके साथ ग्रास घटाना चाहिये; इस व्रतका नाम चान्द्रायण है। मन्त्रज्ञ मनुष्यको यथाशक्ति जप और होम करना चाहिये। पापात्माओंके पापसे छुटकारा पानेका यह उपाय विमलात्मा सूरिगण द्वारा प्रकाशित हुआ। पवित्र और सुबुद्धि जो मनुष्य शङ्खके कहे इस शास्त्रको पढ़ते, वह सब पापोंसे मुक्त हो स्वर्गलोकमें आदृत होते हैं। १—१२।

अष्टादश अध्याय समाप्त ॥ १८ ॥

शङ्ख-संहिता समाप्त।

लिखित-संहिता

इष्टापूर्ते तु कर्तव्ये ब्राह्मणेन प्रयत्नतः।
इष्टेन लभते स्वर्गं पूर्ते मोक्षमवाप्नुयात् ॥ १
एकाहमपि कर्तव्यं भूमिष्ठमुदकं शुभम्।
कुलानि तारयेत् सप्त यत्र गौर्वितृषा भवेत् ॥ २
भूमिदानेन ये लोका गोदानेन च कीर्त्तिताः।
तांल्लोकान् प्राप्नुयान्मर्त्यः पादपानां प्ररोपणे ॥ ३
वापीकूपतडागानि देवतायतनानि च।
पतितान्युद्धरेद्यस्तु स पूर्तफलमश्नुते ॥ ४
अग्निहोत्रं तपः सत्यं वेदानाञ्चैव पालनम्।
आतिथ्यं वैश्वदेवश्च इष्टमित्यभिधीयते ॥ ५
इष्टापूर्त्तं द्विजातीनां सामान्यो धर्म उच्यते।
अधिकारी भवेच्छूद्रः पूर्त्ते धर्म्मे न वैदिके ॥ ६
यावदस्थि मनुष्यस्य गङ्गातोयेषु तिष्ठति।
तावद्वर्षसहस्राणि स्वर्गलोके महीयते ॥ ७
देवतानां पितॄणाञ्च जले दद्याज्जलाञ्जलिम्।
असंस्कृतप्रमीतानाञ्च स्थले दद्याज्जलाञ्जलिम् ॥ ८
एकादशाहे प्रेतस्य यस्य चोत्सृज्यते वृषः।
मुच्यते प्रेतलोकात्तु पितृलोकं स गच्छति ॥ ९
एष्टव्या बहवः पुत्रा यद्येकोऽपि गयां व्रजेत्।
यजेत वाश्वमेधेन नीलं वा वृषमुत्सृजेत् ॥ १०
वाराणस्यां प्रविष्टस्तु कदाचिन्निष्क्रमेद्यदि।
हसन्ति तस्य भूतानि अन्योऽन्यं करताडनैः ॥ ११
गयाशिरे तु यत्किञ्चिन्नाम्ना पिण्डन्तु निर्वपेत्।
नरकस्थो दिवं याति स्वर्गस्थो मोक्षमाप्नुयात् ॥ १२
आत्मनो वा परस्यापि गयाक्षेत्रे यतस्ततः।
यन्नाम्ना पातयेत् पिण्डं तं नयेद्ब्रह्म शाश्वतम् ॥ १३
लोहितो यस्तु वर्णेन शङ्खवर्णखुरस्तथा।
पुच्छाग्रशिरसोश्चैव स वै नीलवृषः स्मृतः ॥ १४
नवश्राद्धं त्रिपक्षे च द्वादशञ्चैव मासिकम्।
षण्मासौ चाब्दिकञ्चैव श्राद्धान्येतानि षोडश ॥ १५
यस्यैतानि न कुर्वीत एकोद्दिष्टानि षोडश।
पिशाचत्वं स्थिरं तस्य दत्तैः श्राद्धशतैरपि ॥ १६
सपिण्डीकरणादूर्द्ध्वं प्रतिसंवत्सरं द्विजः।
मातापित्रोः पृथक् कुर्यादेकोद्दिष्टं मृतेऽहनि ॥ १७
वर्षे वर्षे तु कर्त्तव्यं मातापित्रोस्तु सन्ततम्।
अदैवं भोजयेच्छ्राद्धं पिण्डमेकन्तु निर्वपेत् ॥ १८
संक्रान्तावुपरागे च पर्वण्यपि महालये।
निर्वाप्यास्तु त्रयः पिण्डा एकन्तु क्षयेऽहनि ॥ १९
एकोद्दिष्टं परित्यज्य पार्वणं कुरुते द्विजः।
अकृतं तद्विजानीयात् स नाम पितृघातकः ॥ २०
अमावस्यां क्षयो यस्य प्रेतपक्षेऽथवा यदि।
सपिण्डीकरणादूर्द्ध्वं तस्योक्तः पार्वणो विधिः ॥ २१
त्रिदण्डग्रहणादेव प्रेतत्वं नैव जायते।
अहन्येकादशे प्राप्ते पार्वणन्तु विधीयते ॥ २२
यस्य संवत्सरादर्वाक् सपिण्डीकरणं स्मृतम्।
प्रत्यहं सोदकुम्भं दद्यात् संवत्सरं द्विजः ॥ २३
पत्या चैकेन कर्त्तव्यं सपिण्डीकरणं स्त्रियाः।
पितामह्यापि तत्तस्मिन् सत्यं वन्तु क्षयेऽहनि ॥ २४
तस्यां सत्यां प्रकर्त्तव्यं तस्याः श्वश्र्विति निश्चितम् ॥ २५
विवाहे चैव निर्वृत्ते चतुर्थेऽहनि रात्रिषु।
एकत्वं सा गता भर्त्तुः पिण्डे गोत्रे च सूतके ॥ २६
स्वगोत्राद्भ्रश्यते नारी उद्वाहात् सप्तमे पदे।
भर्तृगोत्रेण कर्त्तव्यं दानं पिण्डोदकक्रिया ॥ २७
द्विमातुः पिण्डदानन्तु पिण्डे पिण्डे द्विनामतः।
षड् देयास्त्रयः पिण्डा एवं दाता न मुह्यति ॥ २८
अथ चेन्मन्त्रविद्युक्तः शारीरैः पङ्क्तिदूषणैः।
अदोषं तं यमः प्राह पङ्क्तिपावन एव सः ॥ २९
अग्नौकरणशेषन्तु पितृपात्रे प्रदापयेत्।

प्रतिपाद्य पितृभ्यश्च न दद्याद्वैश्वदेविकम् ॥ ३०
अनग्निको यदा विप्रः श्राद्धं करोति पार्व्वणम् ।
तत्र मातामहानाञ्च कर्त्तव्यमर्थं सदा ॥ ३१
अपुत्रा ये मृताः केचित् पुरुषा वा स्त्रियोऽपि वा ।
तेभ्य एव प्रदातव्यमेकोद्दिष्टं न पार्व्वणम् ॥ ३२
यस्मिन् राशिगते सूर्य्ये विपत्तिः स्याद्द्विजन्मनः ।
तस्मिन्नहनि कर्त्तव्यं दानं पिण्डोदकक्रिया ॥ ३३
वर्षवृद्ध्यभिषेकादि कर्त्तव्यमधिकेन तु ।
अधिमासे तु पूर्व्वं स्याच्छ्राद्धं संवत्सरादि ॥ ३४
स एव देयो द्दिष्टस्य येन येन तु कर्म्मणा ।
अभिधानान्तरं कार्य्यं तत्रैवाहःकृतं भवेत् ॥ ३५
पाकाग्नौ पचनं कृत्वं लौकिकेनापि नित्यशः ।
यस्मिन्नेव पचेदन्नं तस्मिन् होमो विधीयते ॥ ३६
वैदिके लौकिके वापि नित्यं हुत्वा ह्यनन्दितः ।
वैदिके स्वर्गमाप्नोति लौकिके हन्ति किल्विषम् ॥ ३७
अग्नौ व्याहृतिभिः पूर्व्वं हुत्वा मन्त्रैस्तु शाकलैः ।
सविभागन्तु भूतेभ्यस्ततोऽश्नीयादनग्निमान् ॥ ३८
उक्ते यज्ञन्तु नोत्तिष्ठेद्यावद्विप्रविसर्ज्जनम् ।
ततो गृहबलिं कुर्य्यादिति धर्म्मो व्यवस्थितः ॥ ३९
दर्भाः कृष्णाजिनं मन्त्रा ब्राह्मणाश्च विशेषतः ।
नैते निर्म्माल्यतां यान्ति येऽत्रयास्ते पुनःपुनः ॥ ४०
पानमाचमनं कुर्य्यात् कुशपाणिः सदा द्विजः ।
भुक्त्वा नोच्छिष्टतां याति एष एव विधिः सदा ॥ ४१
पान आचमने चैव तर्पणे दैविके सदा ।
कुशहस्तो न दुष्येत यथा पाणिस्तथा कुशः ॥ ४२
वामपाणौ कुशान् कृत्वा दक्षिणेन उपस्पृशेत् ।
विनाचमन्ति ये मूढा रुधिरेणाचमन्ति ते ॥ ४३
नीवीमध्येषु ये दर्भा ब्रह्मसूत्रेषु ये कृताः ।
पवित्रांस्तान् विजानीयाद्यथा कायस्तथा कुशाः ॥ ४४
पिण्डे कृतास्तु ये दर्भा यैः कृतं पितृतर्पणम् ।
मूत्रोच्छिष्टपुरीषञ्च तेषां त्यागो विधीयते ॥ ४५
दैवपूर्व्वन्तु यच्छ्राद्धमदैवञ्चापि यज्ञवत् ।
ब्रह्मचारी भवेत् तत्र कुर्य्याच्छ्राद्धन्तु पैतृकम् ॥ ४६
मातुः श्राद्धन्तु पूर्व्वं स्यात् पितॄणां तदनन्तरम् ।
ततो मातामहानाञ्च वृद्धौ श्राद्धत्रयं स्मृतम् ॥ ४७

क्रतुर्दक्षो वसुः सत्यः कालकामौ धुरिलोचनौ ।
पुरूरवा माद्रवाश्च विश्वे देवाः प्रकीर्त्तिताः ॥ ४८
आगच्छन्तु महाभागा विश्वे देवा महाबलाः ।
ये यत्र विहिताः श्राद्धे सावधाना भवन्तु ते ॥ ४९
इष्टिश्राद्धे क्रतुर्दक्षो वसुः सत्यश्च दैविके ।
कालः कामोऽग्निकार्य्येषु अन्वरे धुरिलोचनौ ।
पुरूरवा माद्रवाश्च पार्व्वणेषु नियोजयेत् ॥ ५०
यस्यास्तु न भवेद्भ्राता न विज्ञायेत वा पिता ।
नोपयच्छेत तां प्राज्ञः पुत्रिकाधर्म्मशङ्कया ॥ ५१
अभ्रातृकां प्रदास्यामि तुभ्यं कन्यामलङ्कृताम् ।
अस्यां यो जायते पुत्रः स मे पुत्रो भविष्यति ॥ ५२
स तु प्रथमतः पिण्डं निर्व्वपेत् पुत्रिकासुतः ।
द्वितीयन्तु पितुस्तस्यास्तृतीयं तत्पितुः पितुः ॥ ५३
मृन्मयेषु च पात्रेषु श्राद्धे यो भोजयेत् पितॄन् ।
अन्नदाता पुरोधाश्च भोक्ता च नरकं व्रजेत् ॥ ५४
अलाभे मृन्मयं दद्यादनुज्ञातस्तु तैर्द्विजैः ।
घृतेन प्रोक्षणं कार्य्यं मृदः पात्रं पवित्रकम् ॥ ५५
श्राद्धं कृत्वा परश्राद्धे यस्तु भुञ्जीत विह्वलः ।
पतन्ति पितरस्तस्य लुप्तपिण्डोदकक्रियाः ॥ ५६
श्राद्धं दत्त्वा च भुक्त्वा च अध्वानं योऽधिगच्छति ।
भवन्ति पितरस्तस्य तन्मासं पांशुभोजनाः ॥ ५७
पुनर्भोजनमध्वानं भाराध्ययनमैथुनम् ।
दानं प्रतिग्रहं होमं श्राद्धं कृत्वाष्ट वर्ज्जयेत् ॥ ५८
अध्वगामी भवेदश्वः पुनर्भोक्ता च वायसः ।
कर्म्मकृज्जायते दासः स्त्रीगमने च सूकरः ॥ ५९
दशकृत्वः पिबेदापः सावित्र्या चाभिमन्त्रिताः ।
ततः सन्ध्यामुपासीत शुध्येत तदनन्तरम् ॥ ६०
आर्द्रवासास्तु यत् कुर्य्याद्बहिर्जानु च यत्कृतम् ।
सर्व्वं तन्निष्फलं कुर्य्याज्जपहोमप्रतिग्रहम् ॥ ६१
चान्द्रायणं नवश्राद्धे पराको मासिके तथा ।
पक्षत्रये तु कृच्छ्रं स्यात् षण्मासे कृच्छ्रमेव च ॥ ६२
ऊनाब्दिके त्रिरात्रं स्यादेकाहः पुनराब्दिके ।
शावे मासन्तु भुक्त्वा वा पादकृच्छ्रं विधीयते ॥ ६३
सर्पविप्रहतानाञ्च शृङ्गिदंष्ट्रिसरीसृपैः ।
आत्मनस्त्यागिनाञ्चैव श्राद्धमेषां न कारयेत् ॥ ६४

ग ... सर्वोदहं ब्राह्मणेन तु चारितम्।
तं स्पृशन्ति च ये विप्रा गोऽजाश्वाश्च भवन्ति ते ॥ ६५
अग्निदाता तथा चान्ये पाशच्छेदकराश्च ये।
तप्तकृच्छ्रेण शुध्यन्ति मनुराह प्रजापतिः ॥ ६६
त्र्यहमुष्णं पिबेदापस्त्र्यहमुष्णं पयः पिबेत्।
त्र्यहमुष्णं घृतं पीत्वा वायुभक्षो दिनत्रयम् ॥ ६७
गोभूहिरण्यहरणे स्त्रीणां क्षेत्रगृहस्य च।
यमुद्दिश्य त्यजेत् प्राणांस्तमाहुर्ब्रह्मघातकम् ॥ ६८
उद्यताः सह धावन्ते यद्येको धर्मघातकः।
सर्वे ते शुद्धिमृच्छन्ति स एको ब्रह्मघातकः ॥ ६९
पतितान्नं यदा भुङ्क्ते भुङ्क्ते चाण्डालवेश्मनि।
स मासार्द्धं चरेद्वारि मासं कामकृतेन तु ॥ ७०
योऽनेन पतितेनैव संसर्गं स्नानं विधीयते।
तेनोच्छिष्टसंस्पृष्टः प्राजापत्यं समाचरेत् ॥ ७१
ब्रह्महा च सुरापायी स्तेयी च गुरुतल्पगः।
महान्ति पातकान्याहुस्तत्संसर्गी च पञ्चमः ॥ ७२
स्नेहाद्वा यदि वा लोभाद्भयादज्ञानतोऽपि वा।
कुर्वन्त्यनुग्रहं ये च तत्पापं तेषु गच्छति ॥ ७३
उच्छिष्टोच्छिष्टसंस्पृष्टो ब्राह्मणस्तु कदाचन।
तत्क्षणात् कुरुते स्नानमाचमनेन शुचिर्भवेत् ॥ ७४
कुब्जवामनषण्ढेषु गद्गदेषु जडेषु च।
जात्यन्धे बधिरे मूके न दोषः परिवेदने ॥ ७५
क्लीबे देशान्तरस्थे च पतिते व्रजितेऽपि वा।
योगशास्त्राभियुक्ते च न दोषः परिवेदने ॥ ७६
पूरणे कूपवापीनां वृक्षच्छेदनपातने।
विक्रीणीते गजाश्वं गोवधं तस्य निर्दिशेत् ॥ ७७
पादेऽङ्गरोमवपनं द्विपादे श्मश्रु केवलम्।
तृतीये तु शिखावर्जं चतुर्थे तु शिखावपः ॥ ७८

चाण्डालोदकसंस्पर्शे स्नानं येन विधीयते।
तेनैवोच्छिष्टसंस्पृष्टः प्राजापत्यं समाचरेत् ॥ ७९
चाण्डालघटभाण्डस्थं यत्तोयं पिबति द्विजः।
तत्क्षणात् क्षिपते यस्तु प्राजापत्यं समाचरेत् ॥ ८०
यदि न क्षिपते तोयं शरीरे तस्य जीर्यति।
प्राजापत्यं न दातव्यं कृच्छ्रं सान्तपनं चरेत् ॥ ८१
चरेत् सान्तपनं विप्रः प्राजापत्यन्तु क्षत्रियः।
तदर्द्धन्तु चरेद्वैश्यः पादं शूद्रे तु दापयेत् ॥ ८२
रजस्वला यदा स्पृष्टा शुना शूकरवायसैः।
उपोष्य रजनीमेकां पञ्चगव्येन शुध्यति ॥ ८३
अज्ञानतः स्नातमात्रा नाभेस्तु विशेषतः।
अत ऊर्द्ध्वं त्रिरात्रं स्यात्तद्दोषस्पर्शने मतम् ॥ ८४
बालश्चैव दन्तहीने तु पञ्चत्वं यदि गच्छति।
सद्य एव विशुध्येत नाशौचं नोदकक्रिया ॥ ८५
शावसूतक उत्पन्ने सूतकन्तु यदा भवेत्।
शावेन शुध्यते सूतिर्न सूतिः शावशोधिनी ॥ ८६
षष्ठे न शुध्यतेऽकाहं पञ्चमे द्व्यहमेव तु।
चतुर्थे सप्तरात्रं स्यात् त्रिपुरुषे दशभिर्दिनैः ॥ ८७
मरणान्तमाशौचं संयोगो यस्य नाग्निभिः।
आदाहात्तस्य विज्ञेयं यस्य वैतानिको विधिः ॥ ८८
आममांसं घृतं क्षौद्रं स्नेहाश्च फलसम्भवाः।
अन्त्यभाण्डस्थिता ह्येते निष्क्रान्ताः शुचयः स्मृताः ॥ ८९
मार्ज्जारे वा सलाभक्षे स्नानत्स्त्वघटोदके।
नवाम्भसि तथा चैव हन्ति पुण्यं दिवाकृतम् ॥ ९०
दिवा कपित्थच्छायायां रात्रौ दधिषु शक्तुषु।
धात्रीफलेषु सर्वत्र अलक्ष्मीर्वसते सदा ॥ ९१
यत्र यत्र च सङ्कीर्णमात्मानं मन्यते द्विजः।
तत्र तत्र तिलैर्होमं गायत्र्यष्टशतं जपेत् ॥ ९२

लिखित संहिता समाप्ता।

———

लिखितसंहिता।

ब्राह्मणगण यत्नपूर्व्वक अग्निहोत्रादि कर्म्म करें और पुष्करिणी आदि खुदायें। अग्निहोत्रादि द्वारा स्वर्ग मिलता और पुष्करिणी आदि खुदानेसे मुक्ति मिलती है। ऐसे जलाशयोंको भी यत्नके साथ बनवाना चाहिये, जिसमें एक दिन भी पृथिवीमें जल रहे। जिन जलाशयोंका जल गौ भव गौ तृष्णाशून्य होती हैं, उन जलाशयोंके खुदानेवालेके शतकुलका उद्धार होता है। भूमि दान करनेसे जो लोक मिलता और गो-दान करनेसे जो लोक मिलता है कहते हैं, कि वृक्षश्रेणी रोपणकर मनुष्य वही लोक पाते हैं। दीर्घिका, कूप, पद्माकर, पुष्करिणी और देव-मन्दिर-समूहके विनष्ट होनेपर जो मनुष्य उसका पुनरुद्धार करते हैं, वह मनुष्य आदि निर्म्माण-कर्त्ताके फलभागी होते हैं। नित्य होम, तपस्या, सत्यवाक्यका प्रयोग, वेदोक्त विधिपालन, अतिथिसेवा और बलिवैश्व प्रभृति कामोंका नाम इष्ट है (ऋषिगण इष्ट शब्दसे इन सब कामोंको अभिहित करते हैं)। अग्निहोत्रादि जितने सब काम इष्ट शब्दसे अभिहित हुए हैं और पुष्करिणी आदि खुदाना जो सब काम पूर्त्त शब्दसे अभिहित हुए हैं, उन दोनों कामोंमें ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य —इन तीनों वर्णोंका समान अधिकार है। शूद्रगण पूर्त्त यानी पुष्करिणी खोदें; किन्तु शूद्रगण वैदिक यागयज्ञादि इष्ट-नामक कार्य्यके अधिकारी नहीं। मनुष्यकी अस्थि जितने दिनोंतक गङ्गाजलमें रहेगी, उतने सहस्र वर्ष वह मनुष्य स्वर्गवास करेगा। देवगण और पितृगणके उद्देश्यसे जलाञ्जलि जलमें डालें यानी देवतर्पण और पितृतर्पणके लिये जलको, जलराशिमें ही छोड़ें। जो सब बालक बिना संस्कृत हुए ही मरे हैं, उनके उद्देश्यसे मनुष्य जलाञ्जलि स्थलभागमें निक्षेप करें। (मरनेके दिनसे) ग्यारहवें दिन प्रभृति निर्द्दिष्ट दिनमें प्रेतके उद्देश्यसे पुत्र प्रभृति अधिकारिगण यदि वृष उत्सर्ग करें,—तो वह प्रेत प्रेतलोकसे छुटकारा पा पितृलोकमें जाता है। मनुष्यगण बहुत पुत्रोंकी कामना करें। कदाचित बहुपुत्रमें एक भी गयाधाम जाये या कदाचित कोई अश्वमेध यज्ञ करे या कदाचित् कोई नील सांड़ छोड़े। (१—१०। यदि कोई मनुष्य काशिधाममें जाकर उसे त्यागकर और जगह निकल जाय, यानी और जगह वास करे, तो भूतगण आपसमें ताली बजा उसका उपहास करते हैं। गयाशिरमें जो मनुष्य

लोगोंके नामोंसे स्वच्छ पिण्डदान करते हैं, उन लोगोंमें जो मनुष्य नरकमें रहते हैं, वह स्वर्ग जाते और जो स्वर्गमें रहते हैं, वह मुक्ति पाते हैं। अपना हो या पराया, जिस मनुष्यका नाम लेकर गयाधाममें चाहे जहां पिण्डदान करें, वह मनुष्य सनातन ब्रह्मपद पाता है॥ (नीलवृषका पारिभाषिक नाम है—) जो षांड़ लाल और जिसका खुर सफेद और जिसकी पूंछ और सींग सफेद हो, (धर्मशास्त्रज्ञ मुनिगण) ऐसे ही षांडको नीलवृष कहते हैं। अशौचान्त दिन प्रभृति निर्दिष्ट दिनमें करना चाहिये, यानि एकोद्दिष्ट श्राद्ध और बारहवें महीने द्वादश मासिक श्राद्ध करना चाहिये। प्रथम षाण्मासिक और द्वितीय षाण्मासिक श्राद्ध और आब्दिक श्राद्ध यानी सपिण्डीकरण यह सोलहो श्राद्ध (प्रेतगणके हितके लिये करना चाहिये।) प्रेतके उद्देशसे आद्यश्राद्ध प्रभृति सोलह एकोद्दिष्ट श्राद्ध न करनेसे, फिर सांवत्सरिक श्राद्धके शत-सहस्र बार करनेपर भी उसका प्रेतत्व नष्ट नहीं होता। सपिण्डीकरणके बाद वर्ष वर्षपर द्विजगण माता और पिता की मृत-तिथिको, सब भाइयोंके एकान्नवर्त्ती होनेपर भी अलग अलग एकोद्दिष्ट श्राद्ध करें। वर्ष वर्षपर माता और पिताकी तृप्तिके लिये, विस्तृतरूपसे दैवपक्षविहीन एकोद्दिष्ट विधानसे श्राद्ध करना चाहिये; इस श्राद्धमें सिर्फ एक पिण्डदान करना चाहिये। संक्रान्तिके दिन धार्मिक ब्राह्मणोंको चन्द्र और सूर्यग्रहणमें, चतुर्दशी प्रभृति पर्व्वतिथि समूहमें, मघा या अमावस्यामें तीन पिण्ड दान करना चाहिये यानि पार्व्वणश्राद्ध करना और मृत तिथिमें सिर्फ एक पिण्ड देना चाहिये। जो मनुष्य पिता और माताके (सांवत्सरिक श्राद्धके दिन) एकोद्दिष्ट श्राद्ध न कर पार्व्वण श्राद्ध करते हैं, उनका पार्व्वणश्राद्ध करना विफल होता है और वह मनुष्य पितृहत्याके पापी होते हैं। जो मनुष्य अमावस्यामें या पितृपक्षमें मरते हैं, उनके सपिण्डीकरणके बाद सांवत्सरिक श्राद्ध [illegible] पार्व्वणकी विधिसे करना पड़ेगा। पिता, पितामह, प्रपितामह,—इन तीन पुरुषोंको केवल तीन पिण्ड देना चाहिये। इसमें मातामह पक्ष नहीं। विशेष ग्रहणकर जिसकी मृत्यु होती है, वह प्रेतत्व नहीं पाता। उनकी पुत्रादिका कर्त्तव्य है, कि एकादशादि दिनके श्राद्ध पार्व्वणादि द्वारा करें। जिस मनुष्यका संवत्सर पूरा न होनेपर भी (वृद्धादिका उपलक्ष्यकर) अपकर्ष सपिण्डीकरण किया जाता है, द्विजगण उसके संवत्सर पूरे होनेके दिनतक नित्य उदककुम्भ दान करें। (यह साग्निकगणका कर्त्तव्य है, निरग्निका नहीं।) स्त्रियोंकी मृत-तिथिमें सपिण्डीकरण यानी पिण्डमिश्रीकरणमें केवल एक पिण्डसे मिलाना चाहिये, यदि स्त्रीका

करनेसे वह कुश जूठा न होगा; इसे प्रा-स्तको विधि समझना। २६-४१। जल आदि पीना आचमन, पितृतर्पण और देव-पूजा आदि वैदिक कार्य्य कुशहस्त हो करना चाहिये, किन्तु वह कुश जूठेसे दूषित नहीं होता; जैसे हाथ धोनेसे शुद्ध होता है, वैसे ही कुश भी धोनेसे शुद्ध होगा। बायें हाथमें कुश ले दाहिने हाथसे आचमन करना चाहिये, जो महात्मा बायें हाथमें कुश न लेकर ही आचमन करते हैं, उनका वह आचमन खून द्वारा करनेके बराबर है। नीवमें (अर्थात् वसन "नीवी") अवस्थित जो सब दर्भ और यज्ञोपवीतमें अवस्थित जो सब दर्भ हैं, वह सब दर्भ अपवित्र नहीं होते जैसे शरीर अपवित्र नहीं होता, धोनेसे शुद्ध होता है वैसे ही कुश प्रभृति दर्भ शुद्ध हैं (त्याज्य नहीं)। जिन सब दर्भोंमें पिण्डका संसर्ग हुआ है और जिनके द्वारा पितृतर्पण किया गया है जो सब दर्भ मूत्र, विष्ठा और उच्छिष्ट-सम्पर्क हुआ है, वह सब दर्भ त्याग करना पड़ेंगे। देवपूर्व श्राद्ध (पार्व्वणश्राद्ध), अदैव श्राद्ध यानी एकोद्दिष्ट श्राद्ध, पितृगणकी तृप्तिके लिये जो श्राद्ध किया जाय, उसमें ब्रह्मचर्य्यसे रहना पड़ेगा। वृद्धि कार्य्यके लिये जो आभ्यु-दयिक श्राद्ध करना पड़ता है, पहले मातृ पक्ष, दूसरे पितृपक्ष और तीसरे मातामह-पक्ष, इन तीन पक्षोंका अवलम्बनकर उस वृद्धि श्राद्धको करना चाहिये। आभ्युद-यिक श्राद्धमें सामवेदीय ब्राह्मणोंका मातृ-पक्ष नहीं क्रतु और दक्ष—यह दोनों; वसु और सत्य, काल और काम, धूरि और लोचन, पुरूरव और आर्द्रव,—यह सब युग्म युग्म हो एक एक कार्य्यमें विश्वेदेव कहे जाते हैं। अत्यन्त बलवान् और महा भाग्ययुक्त विश्वदेवगण आयें, जिस यज्ञमें जो नियुक्त हुए हैं, वह उस विषयमें सावधान हो आवें वह सब कार्य्यमें अभीष्ट प्रदान करें। वृद्धि श्राद्धमें क्रतु और दक्ष नामक विश्वेदेव हैं, देवगणके उद्दे-श्यसे जो श्राद्ध किया जाता है, उसमें वसु और सत्य नामक विश्वदेव हैं; (और वृद्धिश्राद्धमें भी वसु और सत्य नामक विश्व देव हैं,) काल और काम नामक विश्वदेव अग्नि आदि विषयमें हैं, उत्तरकार्य्यमें धूरि और लोचन नामक विश्वदेव हैं, पुरू-रव और आर्द्रव नामक विश्वदेव पार्व्वण-श्राद्धमें नियुक्त करेंगे। जिस कन्याका सहोदर या वैमात्रेय भाई नहीं और यह मालूम नहीं, कि उस कन्याका कौन पिता था, बुद्धिमान् मनुष्य उस कन्याका पाणि-ग्रहण न करें; यही आशङ्काका कारण है, कि कदाचित् उस कन्याका पिता उसे पुत्रिका बनावे। "भ्रातृशून्या इस कन्याको मैं अलङ्कारयुक्तकर तुम्हें प्रदान करता हूं; इस कन्यासे जो पुत्र उत्पन्न होगा। वह पुत्र मेरा हो जायगा।" (ऐसी हो कन्याका

नाम पुत्रिका कन्या है)। पुत्रिका कन्याके गर्भसे उत्पन्न पुत्र पहले माताको पिण्ड दे, दूसरा पिण्ड माताके पिताको यानी माता-महको दे और तीसरा पिण्ड पिताके पिता-को अर्थात् पितामहको दे। यदि कोई मनुष्य श्राद्धके समय मट्टीके पात्रमें पितृ-गणको भोजन कराये, तो श्राद्धकर्त्ता, पुरो-हित और श्राद्धमें भोजनकारी ब्राह्मण—यह सभी नरकमें जाते हैं। इन सब ब्राह्म-णोंके अनुज्ञा करनेपर, दूसरा पात्र न मिलनेसे मृण्मयपात्र दे सकते हैं; इन द्वारा पोंछनेसे मट्टीका पात्र पवित्र होता है। स्वयं श्राद्धका दूसरेके श्राद्धमें जो औदरिक भोजन करते हैं, उनके पितृगण लुप्तपिण्ड और लुप्तोदकक्रिय हो पतित होते हैं। ४२—४६। जो मनुष्य श्राद्धकर या दूसरेके श्राद्धमें भोजनकर एक कोससे अधिक चलते हैं उनके पितृगण उस महीने भर पांशु भोजन करते हैं। श्राद्ध-कर पुनर्भोजन, अध्वगमन, भार, अध्ययन, मैथुन, दान, प्रतिग्रह और होम, इन आठ कर्मोंको त्यागना चाहिये। (श्राद्धकर) जो मनुष्य अध्वगमन करता, (जन्मान्तरमें) वह मनुष्य अश्वयोनि पाता है; जो मनुष्य पुनर्भोजन करता, वह मनुष्य काक-योनि पाता है; जो मनुष्य काम करे, वह दासत्व पाता और स्त्रीगमन करनेसे शूकर-योनि पाता है। पहले दशबार सावित्री पाठकर अभिमन्त्रितकर कुछ जल पीना चाहिये, इसके बाद सन्ध्योपासना करनेपर श्राद्धके उपरान्त निषिद्ध कामोंके करनेसे उत्पन्न पापसे छुटकारा पाना चाहिये। श्राद्धत्राण हो, या मस्त द्वारा जानुदयको बिना आच्छादित किये, यदि जप, होम और प्रतिग्रह किया जाय, तो सब काम निष्फल होते हैं। आद्यश्राद्ध करनेसे चान्द्रा-यण करना पड़ता है, मासिक श्राद्ध करनेसे पराकव्रत, त्रिपक्ष श्राद्धसे तप्तकृच्छ्र, मासिक श्राद्धमें भी तप्तकृच्छ्र, ऊनाब्दिक श्राद्धमें (यानी द्वितीय षाण्मासिक श्राद्धमें) त्रिरात्र उपवास और सपिण्डीकरण श्राद्धमें एकाह उपवास करना चाहिये। अस्थ्यादि कार्य्य करनेसे एक महीने पादकृच्छ्र करना पड़ता है। सर्पविष द्वारा मरे शृङ्गी, दंष्ट्री और सरीसृपगण (सर्प-बिच्छू प्रभृति) द्वारा आहत हो जो मरे हैं और आत्मघाती हो मरे हैं, उनके श्राद्धादि और्ध्वदैहिक कार्य्य समस्त कर्त्तव्य नहीं। जो मनुष्य गो द्वारा आहत हो मरा है, जिसने उद्बन्धन द्वारा प्राणत्याग किया है, ब्राह्मण, ब्राह्मण द्वारा मरा है, उन सब शवको जो ब्राह्मण छूये, वह ब्राह्मण दूसरे जन्ममें भी, बकरी और पशुयोनि पाते हैं। जो मनुष्य अग्निदान करते, जो फन्दा काट देते हैं, वह मनुष्य तप्तकृच्छ्र व्रत द्वारा शुद्ध होते हैं। प्रजा-पति मनुने ऐसा ही कहा है। तीन दिनतक थोड़ा गरम जल पीना चाहिये। दूसरे तीन दिनोंतक कुछ गरम दूध पीना

चाहिये, तीसरे तीन दिनोंतक कुछ गर्म घी पीना चाहिये, चौथे तीन दिनोंतक वायु भक्षणकर रहना चाहिये,—इसका नाम तप्तकृच्छ्र व्रत है। जिसका गौ, भूमि, सोना, स्त्री और खेत, यह छीन लिया गया है, वह उसके लिये जिसका (हरण कारीका) उद्देशकर प्राणत्याग करेगा, उसे ब्रह्मघातक कहा गया है। धर्म नष्ट करनेके लिये उद्यत हो मनुष्य साथ आते, वह सभी शुद्धि पाते हैं; किन्तु उनमें जो मनुष्य उनके धर्म नष्ट करता है, वह मनुष्य उनसे ही ब्रह्महत्याका पापी होता है। पतित मनुष्यका अन्न भोजन करनेसे या चण्डालके घरमें अन्न भोजन करनेसे, अज्ञानमें करनेसे आधा महीना और जानबूझकर करनेसे एक महीना जल पीना चाहिये। साथसे पतितके साथ स्पर्शदोष होनेसे सिर्फ स्नान करना चाहिये और पतितके साथ उच्छिष्टका स्पर्श होनेसे प्राजापत्य व्रत करना पड़ेगा। ५७—७१।

ब्रह्महत्या, सुरापान, आधी रत्तीसे अधिक सोनेकी चोरी, विमातृगमन, यह चारों महापातक नामक पाप हैं; इन महापापियोंका संसर्गी मनुष्य पांचवां पापी है; लोभवश या अर्थलोभसे या अज्ञानवश हो, जो मनुष्य उसके प्रायश्चित्तके विषयमें अनुग्रह करेंगे, वह अनुग्रहकर्त्ता उस पापसे लिप्त होंगे। यदि उच्छिष्ट मनुष्य द्वारा उच्छिष्ट ब्राह्मण कदाचित् छू जायें, तो उसी समय स्नानकर आचमन करनेसे शुद्ध होंगे। ज्येष्ठ भाई यदि कुब्ज, वामन, क्लीव, अस्फुटवाक् जड़ यानी गमनागमनके विषयमें अशक्त, जन्मसे अन्ध, बधिर और वाक्शक्तिरहित हों, इससे उनका विवाह न होनेपर भी यदि छोटा भाई विवाह करे,—तो उससे कोई दोष न होगा। क्लीवहृदयमें यानी जिस कुलमें आनेसे पतित्य होता है, पतित अन्य अधर्म ग्रहण करते और योगशास्त्रका अभ्यास करते हैं (यानी संसारकार्य्यमें इच्छारहित हैं) ऐसे ज्येष्ठके रहते छोटेकी विवाहसे कोई दोष न होगा। जो मनुष्य कूप या तालाबको पटवा देते, वृक्ष कटाते या गिराते, भाड़ी या घड़े बेचते हैं; उन्हें गोवधका प्रायश्चित्त करना पड़ेगा। जहां एकपाद प्रायश्चित्तकी व्यवस्था होगी, वहां सब शारीरिक रोम कटाना पड़ेंगे। जहां द्विपाद प्रायश्चित्त है, वहां सिर्फ श्मश्रु कटाना पड़ेगा। त्रिपाद प्रायश्चित्तमें शिखा त्यागकर सब केश मुंड़ाना पड़ेंगे। चाण्डालका जल स्पर्श होनेसे सिर्फ स्नान करना उचित है, वह मनुष्य यदि उच्छिष्ट मनुष्यको छू दे, तो उस उच्छिष्ट मनुष्यको प्राजापत्यका प्रायश्चित्त होगा। यदि कोई द्विज चण्डालके पात्रका जल पी उसी समय उसे उगल दे, तो उस द्विजको प्राजापत्यका प्रायश्चित्त होगा। यदि कोई द्विज चण्डालका जल पीकर उसे